amarujala.com

अमर उजाला

एमटेक और पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 28 मई को

एमएमएमयूटी ने प्रवेश परीक्षा की तिथि में किया बदलाव

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर।

एमएमएमयूटी ने एमटेक और पीएचडी पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा की तिथि में बदलाव कर दिया है। अब यह परीक्षा 28 मई को होगी।

एमएमएमयूटी के शैक्षणिक सत्र 2017-18 के बीटेक, एमटेक, एमबीए, एमसीए एवं पीएचडी में प्रवेश के लिए 17 मई को परीक्षा तिथि निर्धारित की गई थी। लेकिन इसी दौरान कुछ विश्वविद्यालयों में बीटेक अंतिम वर्ष की सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित होनी हैं। ऐसे में इन विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने एमएमएमयूटी प्रशासन से एमटेक और पीएचडी पाठ्यक्रमों के प्रवेश परीक्षा की तिथि में बदलाव की मांग की थी। रजिस्ट्रार ने बताया कि विद्यार्थियों की मांग को उचित पाते हुए यूनिवर्सिटी ने एमटेक और पीएचडी के लिए पूर्व निर्धारित शहर लखनऊ में आयोजित प्रवेश परीक्षा की तिथि में बदलाव कर दिया है। अब यह परीक्षा 28 मई को लखनऊ में ही पूर्व निर्धारित समय पर ही होगी। उन्होंने बताया कि बीटेक, एमबीए व एमसीए पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षाएं 17 मई को ही होंगी। 10 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। यूनिवर्सिटी की वेबसाइट www.mmmut.ac.in पर विस्तृत जानकारी देखी जा सकती है।

बीटेक, एमबीए व एमसीए की प्रवेश परीक्षाएं 17 मई को

इंजीनियर-वैज्ञानिक विशेष कार्यशाला में लेंगे प्रशिक्षण

गोरखपुर। एमएमएमयूटी के अप्लाइड सांइसेज विभाग की ओर से टेक्निकल एजूकेशन क्वालिटी इंप्रूवमेंट प्रोग्राम के तहत 17 से 19 मार्च तक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कंप्यूटर संबंधी कार्यशाला में इंजीनियरों के अलावा वैज्ञानिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। अप्लाइड सांइसेज विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सत्यपाल सिंह ने बताया कि कार्यशाला में शामिल होने के लिए 10 मार्च तक आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 'हैंड्स ऑफ ट्रेनिंग कम वर्कशॉप ऑन सॉफ्ट कंप्यूटिंग स्किल फॉर साइंटिस्ट एंड इंजीनियरिंग्स' नामक वर्कशॉप में मात्र 50 सीटें हैं।